# अखंड भारत स्वतंत्रता दिवस महापर्व – 2026

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा स्थापित आज़ाद हिन्द सरकार के स्थापना दिवस (21 अक्टूबर 1943) की स्मृति में

## प्रतियोगिता नियमावली

### प्रस्तावना

भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, अद्वितीय राष्ट्रनायक एवं आज़ाद हिन्द फ़ौज के सर्वोच्च कमांडर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में स्थापित आज़ाद हिन्द सरकार भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक पहल ने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष को अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्रदान की तथा देशवासियों में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना को नई दिशा दी।

इसी प्रेरणा को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चरित्र, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय एवं सुभारती रक्षा अकादमी, मेरठ द्वारा "अखंड भारत स्वतंत्रता दिवस महापर्व – 2026" का आयोजन किया जा रहा है।

इस महापर्व के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु चित्रकला, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर तथा द्वितीय चरण (फाइनल राउंड) स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित किया जाएगा।

## भाग – 1

### प्रथम चरण (विद्यालय/महाविद्यालय स्तर)

**1. उद्देश्य**

विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता विकसित करना।

**2. आयोजन अवधि**

विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 01 अगस्त 2026 से 30 सितम्बर 2026 के मध्य किसी भी उपयुक्त तिथि पर कर सकते हैं।

**3. प्रतियोगिताएँ**

1. चित्रकला प्रतियोगिता (Painting)
2. निबंध लेखन प्रतियोगिता (Essay Writing)

3. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (Quiz)
4. वाद-विवाद प्रतियोगिता (Debate)

**4. आयु वर्ग**

**समूह – A (8वीं से 12वीं स्तर तक )**
- चित्रकला
- निबंध लेखन
- प्रश्नोत्तरी
- वाद-विवाद

**समूह –B (स्नातक स्तर )**
- चित्रकला
- निबंध लेखन
- प्रश्नोत्तरी
- वाद-विवाद

**5. प्रतियोगिता विषय**

चित्रकला, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विषय मुख्यतः निम्न विषय-वस्तुओं पर आधारित होंगे—
- राष्ट्रीय चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
- आज़ाद हिन्द सेना (आज़ाद हिन्द फ़ौज)
- भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन

*(विस्तृत विषय सूची पृथक रूप से संलग्न है।)*

**6. विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर चयन**

विद्यालय/महाविद्यालय अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे तथा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता-आधारित प्रक्रिया द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन करेंगे।

**(क) चित्रकला प्रतियोगिता**
प्रत्येक समूह से अधिकतम 01 प्रतिभागी।
**(ख) निबंध लेखन प्रतियोगिता**
प्रत्येक समूह से अधिकतम 01 प्रतिभागी।
**(ग) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**
प्रत्येक समूह से अधिकतम 01 टीम।
प्रत्येक टीम में 02 प्रतिभागी होंगे।
**(घ) वाद-विवाद प्रतियोगिता**
प्रत्येक टीम में 02 प्रतिभागी होंगे—
- एक पक्ष (For)
- एक विपक्ष (Against)

**7. नामांकन**

चयनित प्रतिभागियों की सूची सूची10 अक्टूबर 2026 **की शाम 05:00 बजे तक** हमारे केंद्रीय ईमेल: director@subhartidefence.com अथवा संलग्नक में दिए गए गूगल फॉर्म लिंक पर विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रबंधक द्वारा प्रमाणित कर आयोजक संस्था को भेजी जाएगी।

**08. द्वितीय चरण नामांकन की अंतिम तिथि**

- **10 अक्टूबर 2026 की शाम 05:00 बजे तक**

**09. विद्यालय/महाविद्यालय स्तर प्रमाणन**

विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर पर प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सकते हैं।

## भाग – 2

**द्वितीय चरण (स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय परिसर – फाइनल राउंड)**

**1. पात्रता**

केवल वही प्रतिभागी अथवा टीम फाइनल राउंड में भाग लेने के पात्र होंगे जिन्हें उनके विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में चयनित एवं नामित किया गया हो।

**2. प्रतियोगिताएँ**

1. चित्रकला प्रतियोगिता
2. निबंध लेखन प्रतियोगिता
3. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
4. वाद-विवाद प्रतियोगिता

**3. रिपोर्टिंग**

प्रतिभागियों को निर्धारित समय से कम से कम 60 मिनट पूर्व रिपोर्ट करना होगा।

**4. आवश्यक दस्तावेज**

प्रतिभागियों को निम्न में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा—

• विद्यालय/महाविद्यालय परिचय-पत्र

अथवा

• प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित पहचान-पत्र

**5. ड्रेस कोड**

सभी प्रतिभागियों को अपने विद्यालय/महाविद्यालय की निर्धारित वर्दी (School Uniform) अथवा आयोजन समिति द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित होना अपेक्षित होगा।

**6. आवश्यक सामग्री**

1. सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक सामग्री स्वयं साथ लानी होगी।
2. चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपने साथ—

• रंग (Colours)

• कलर पेंसिल / स्केच पेन / क्रेयॉन

• ड्राइंग बोर्ड

• अन्य आवश्यक चित्रकला सामग्री
स्वयं लाएँगे।

3. निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपनी आवश्यक लेखन सामग्री (पेन, पेंसिल आदि) स्वयं साथ लाएँगे।
4. **चित्रकला प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग शीट आयोजक संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।**

**7. मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण**

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग निषिद्ध होगा, जब तक कि आयोजन समिति द्वारा विशेष अनुमति न दी जाए।

**8. समय-सीमा**

प्रत्येक प्रतियोगिता की समय-सीमा आयोजन समिति द्वारा पूर्व निर्धारित की जाएगी।
निर्धारित समय-सीमा से अधिक प्रस्तुति अथवा उत्तर देने की स्थिति में आवश्यकतानुसार अंक कटौती की जा सकती है।

**9. मूल्यांकन मानदण्ड**

**चित्रकला प्रतियोगिता**

• विषय की समझ
• रचनात्मकता
• प्रस्तुतीकरण
• मौलिकता

**निबंध लेखन प्रतियोगिता**

• विषय-वस्तु
• तथ्यात्मक शुद्धता
• भाषा एवं अभिव्यक्ति
• मौलिकता

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

• सही उत्तर
• समयबद्धता
• नियमों का पालन

**वाद-विवाद प्रतियोगिता**

• विषय की समझ
• तर्कशक्ति
• भाषा एवं अभिव्यक्ति
• आत्मविश्वास
• समय-सीमा का पालन

**10. निर्णायक मंडल**

निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**11. अनुशासन**

1. किसी भी प्रकार की अनुचित सहायता, नकल, अनुशासनहीनता अथवा अव्यवहारिक आचरण पाए जाने पर प्रतिभागी अथवा टीम को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
2. प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं उनके साथ आए प्रतिनिधियों से कार्यक्रम की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।
3. प्रतियोगिता स्थल पर आयोजन समिति एवं प्रभारियों के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
4. अनुशासन अथवा नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामलों में आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

## 12. पुरस्कार एवं सम्मान

**चित्रकला प्रतियोगिता**

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार

**निबंध लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार

**वाद-विवाद प्रतियोगिता**

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार

**विशेष पुरस्कार**

- सर्वश्रेष्ठ झांकी पुरस्कार
- सर्वश्रेष्ठ विद्यालय सहभागिता पुरस्कार

## 13. प्रमाण-पत्र

सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## 14. सु-भारत कार्ड

आयोजन समिति द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार चयनित प्रतिभागियों को "सु-भारत कार्ड" प्रदान किया जा सकता है।

## 15. फोटोग्राफी एवं प्रचार-प्रसार

कार्यक्रम के दौरान आयोजक संस्था द्वारा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं मीडिया कवरेज की जा सकती है। कार्यक्रम से संबंधित छायाचित्र एवं वीडियो आयोजक संस्था द्वारा शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं प्रचार-प्रसार उद्देश्यों हेतु उपयोग किए जा सकेंगे।

## 16. विशेष निर्देश

सभी प्रतिभागी निर्धारित समय से कम से कम 60 मिनट पूर्व प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित हों तथा अपनी प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक सामग्री साथ लेकर आएँ।

## 17. आयोजन समिति का अधिकार

आयोजन समिति आवश्यकतानुसार नियमों में संशोधन करने, प्रतियोगिताओं के संचालन संबंधी निर्णय लेने तथा किसी भी विवाद अथवा विशेष परिस्थिति में अंतिम निर्णय देने का अधिकार सुरक्षित रखती है। आयोजन समिति का निर्णय सभी प्रतिभागियों, विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं संबंधित संस्थानों पर अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**18. संपूर्ण डिजिटल निर्देशिका एवं कार्यक्रम की विशेष आधिकारिक वेबसाइट**

इस पूरे महापर्व व राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम से संबंधित समस्त प्रकार की विस्तृत जानकारी, प्रतियोगिताओं के नियम व शर्तें, सहभागिता के मापदंड (कौन-कौन भाग ले सकता है), निर्धारित विषयों (Topics) का पूर्ण विवरण, तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालन व बच्चों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की डिजिटल प्रति देखने एवं डाउनलोड करने के लिए इस विशेष कार्यक्रम हेतु बनाई गई निम्नलिखित आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ:

□ आधिकारिक कार्यक्रम लिंक: https://akhandbharat.shaheedupwanclub.com/demo/index.php

*(आप तथा आपके संस्थान के नोडल शिक्षक उक्त स्वतंत्र लिंक के माध्यम से संपूर्ण नियमावली का सीधे अवलोकन व डाउनलोड कर सकते हैं, जिससे कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन में पूर्ण सुगमता बनी रहे।)*

आयोजक

सुभारती डिफेन्स एकेडमी
स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ

"राष्ट्र निर्माण का आधार – चरित्र निर्माण"